an>

Title: Regarding the need to open AIIMS like hospital in tonk district of Rajasthan to provide health facilities to the public.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक -सवाई माधोपुर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से एक महत्वपूर्ण बात सदन में कहना चाहता हूं कि राजस्थान के लोगों को इलाज के लिए काफी दूर-दूर तक जाना पड़ता है। मेरे संसदीय क्षेत्र टोंक-सवाई माधोपुर के आसपास लगभग सौ से डेढ़ सौ किलोमीटर तक कोई एम्स जैसा अस्पताल नहीं है। लोगों को अपनी बीमारी के इलाज के लिए जयपुर, कोटा या दिल्ली आना पड़ता है। लोगों का ज्यादा पैसा किराए-भाड़े में खर्च हो जाता है और रास्ते में उन्हें कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

मेरे संसदीय क्षेत्र में खारा पानी (फ्लोराइड) होने की वजह से लोगों को कई प्रकार की जानलेवा बीमारियां हो रही हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र में लगभग चार सौ पंचायतें आती हैं। वहां के लोगों की यह अति महत्वपूर्ण मांग है। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि राजस्थान के जिला टोंक में एम्स जैसा अस्पताल खोलने की कृपा करें क्योंकि वहां जो लोकल अस्पताल चल भी रहे हैं, उनमें कोई इक्विपमैंट नहीं है। कभी एक्सरे मशीन खराब होती है, कभी दवाई नहीं होती। पूरे देश में डाक्टरों की कमी है, लेकिन प्रदेश में भी डाक्टर नहीं हैं। इसलिए मैं समझता हूं कि एम्स जैसा अस्पताल टोंक में खोलना चाहिए।